# न्यायालय, सहायक कलक्टर एंव पदेन उपखण्ड अधिकारी
# मुकाम श्रीकरणपर, जिला श्री गंगानगर

## पीठासीन अधिकारी : श्री श्योराम {आर.ए.एस.}

## प्रकरण संख्याः 06/2025(जी.सी.एम.एस. 2025/06)

| वादीगण | बनाम प्रतिवादीगण |
|---|---|
| 1. सतवीर कौर पुत्री जसकोर सिंह मुखत्यारेआम जसकौर सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>2. जसकोर सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। | 1. गुरजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>2. जगतार सिंह पुत्र हाकम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>3. जगीर सिंह पुत्र बिशन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>4. जंवद सिंह पुत्र मिठू सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>5. जसमेल कौर पत्नी गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>6. जोगेन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>7. तरसेम सिंह पुत्र मिठू सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>8. प्रवीन कौर पत्नी गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>9. बलजिन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>10. मनजीत कौर पत्नी हाकम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>11. रमनदीप कौर पुत्री गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>12. सुखविन्द्र कौर पुत्री जंगीर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>13. रमनप्रीत कौर पुत्री हाकम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>14. समनजोत सिंह पुत्र गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>15. हरजिन्द्र कौर पुत्री हाकम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>16. हरनेक सिंह पुत्र बिशन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>17. गगनदीप कौर पुत्री हाकम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>18. तरसेम सिंह पुत्र मिठू सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>19. बलविन्द्र सिंह पुत्र जंगीर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।<br>20. राजस्थान सरकार जरिए तहसीलदार श्रीकरणपुर। |

**वाद पत्र अन्तर्गत धारा 53, 88, 91 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955**

**तारीख रजू 14.01.2025**

**उपस्थितः1. श्री मनीष जागिंड अधिवक्ता वादीगण**

**—निर्णय—** **दिनांकः08.09.2025**

1. संक्षेप में तथ्य इस प्रकार है कि राजस्व ग्राम चक 22 ओ बी, पटवार मण्डल रडेवाला, भू.अ.नि. 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर के खाता संख्या 22/21 के मुरब्बा नम्बर 7, 22 की कुल 1.581 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 72/72 के मुरब्बा नम्बर 11, 22, 50/10 की कुल 1.897 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 74/5 के मुरब्बा नम्बर 27, 50/8 की कुल 1.264 हैक्टेयर भूमि वादीगण एवं प्रतिवादीगण के नाम से सहखातेदारान के रूप में दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। वादीगण एवं प्रतिवादीगण ने आपसी सहुलियत के अनुसार सहमति से बंटवारा किया हुआ है। बंटवारानामा अनुसार वादीगण का कब्जा काश्त चक 22 ओ बी के मुरब्बा नम्बर 7 के किला नम्बर 5, 6, 15, 16, 25 प्रत्येक

सहायक कलक्टर एव पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

सालम-सालम, मुरब्बा नम्बर 11 के किला नम्बर 19 ता 24 प्रत्येक सालम-सालम, किला नम्बर 25 की 0.227 हैक्टेयर, मुरब्बा नम्बर 50/10 की 0.025 हैक्टेयर भूमि, कुल 3.035 हैक्टेयर भूमि पर है। उक्त बंटवारा के अनुसार ही वादीगण व प्रतिवादीगण अपने-अपने रकबा पर पिछले काफी समय काश्त करते आ रहे है। वादीगण व प्रतिवादीगण अपने अपने रकबा पर काबिज अवश्य है। लेकिन दोनो का कब्जा काश्त के अनुसार रकबा अंकित नहीं है। हालांकि वादीगण ने कब्जा काश्त की भूमि को काफी मेहनत से भूमि को समतल करके, उसमें कई सुविधाओ का निर्माण किया है। वादीगण का जीवन निर्वाह व उज्जवल भविष्य कृषि भूमि पर निर्भर है, लेकिन राजस्व अभिलेख में मुताबिक कब्जा काश्त के रकबा अंकित नहीं है। आज से 5 रोज पूर्व वादीगण ने प्रतिवादीगण के समक्ष उपस्थित होकर, सहमति से राजस्व अंकन करवाने हेतु निवेदन किया, लेकिन उसके द्वारा कोई संतोषजनक जवाब नही दिया गया है। यही वाद कारण है। वादपत्र न्यायालय के क्षेत्राधिकार, श्रवणाधिकार व पूर्ण कोर्ट फीस पर पेश है। अतः वादपत्र पेश कर निवेदन है कि वाद पत्र स्वीकार किया जाकर राजस्व ग्राम चक 22 ओ बी, पटवार मण्डल रडेवाला, भू.अ.नि. 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर के खाता संख्या 22/21 के मुरब्बा नम्बर 7, 22 की कुल 1.581 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 72/72 के मुरब्बा नम्बर 11, 22, 50/10 की कुल 1.897 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 74/5 के मुरब्बा नम्बर 27, 50/8 की कुल 1.264 हैक्टेयर भूमि में से वादीगण को घरू बंटवारा में प्राप्त भूमि का अलग से लगान व खाता कायम किए जाने के आदेश दिए जावे।

2. वाद पत्र पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया गया। प्रतिवादीगण को जरिए सम्मन तलब किया गया। प्रतिवादी संख्या 1 ता 19 बावजूद तामील उपस्थित नहीं आने पर इनके विरुद्ध एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश दिए गए। जवाब स्टेट पेश नहीं होने पर बन्द किया गया। प्रकरण में प्रतिवादीगण के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही के आदेश है। इसलिए प्रकरण में वाद बिन्दू कायम नहीं किए गए। वादीगण अधिवक्ता के द्वारा निवेदन किया कि प्रकरण में मुताबिक राजस्व रिकॉर्ड प्राथमिक डिक्री जारी कर तहसीलदार श्रीकरणपुर से विभाजन प्रस्ताव मंगवाया जाकर वाद पत्र डिक्री किये जाने के आदेश दिये जावे।

3. पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रस्तुत वादपत्र मय शपथप एवं दस्तावेजात का गहनता से अध्ययन किया गया तथा बहस पर गौर कर मनन किया गया। वस्तुतः वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1 ता 19 राजस्व रिकॉर्ड में खातेदार काश्तकार है। लिहाजा वादीगण अपनी आराजी का बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स राजस्व रिकॉर्ड दर्ज भूमि अनुसार तकासमा चाहते है। लिहाजा वादीगण के हिस्से की भूमि का बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स के बंटवारा की प्राथमिक डिक्री जारी कर बंटवारा करवाया जाना उचित समझते हुए माफिक प्राथमिक डिक्री इस आशय की जारी की गई कि राजस्व ग्राम चक 22 ओ बी, पटवार मण्डल रडेवाला, भू.अ.नि. 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर के खाता संख्या 22/21 के मुरब्बा नम्बर 7, 22 की कुल 1.581 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 72/72 के मुरब्बा नम्बर 11, 22, 50/10 की कुल 1.897 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 74/5 के मुरब्बा नम्बर 27, 50/8 की कुल 1.264 हैक्टेयर भूमि वादीगण व प्रतिवादीगण के नाम दर्ज राजस्व रिकॉर्ड है। जिसका माफिक राजस्व रिकॉर्ड, हिस्से माफिक भूमि का वादीगण सतवीर कौर, जसकौर सिंह के मध्य बंटवारा मौके पर बाई मिट्स एण्ड बाउण्ड्स करवाया जाकर खाता एवं लगान अलग-अलग किया जावे। **शेष खाता एंव रहन बदस्तूर रहें।** तहसीलदार श्रीकरणपुर को राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के नियम 18 से 21 की पालना में विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा अधिकृत किया गया। तहसीलदार श्रीकरणपुर ने प्राथमिक डिक्री की पालना में पंत्राक 1895 दिनांक 15.07.2025 से बंटवारा रिपोर्ट/ विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा सहित प्रस्तुत की, सामिल मिसल की गई।

4. बहस वादीगण अधिवक्ता सुनी गई, बहस के दौरान वादीगण अधिवक्ता ने माफिक बंटवारा रिपोर्ट विभाजन प्रस्ताव वादीगण का वादपत्र डिक्री किया जाकर बंटवारा किये जाने की ईश्तदुआ की है। बहस वादीगण अधिवक्ता, तहसीलदार श्रीकरणपुर से प्राप्त पालना रिपोर्ट पर गौर किया। लिहाजा माफिक बंटवारा रिपोर्ट/विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा वादीगण का वाद पत्र डिक्री किया जाकर बंटवारा किया जाना हम उचित समझते है।

**-:आदेश:-**

5. अतः अंतिम डिक्री बहक वादी विरूद्ध प्रतिवादीगण इस अमर की जारी की जाती है। कि राजस्व ग्राम चक 22 ओ बी, पटवार मण्डल रडेवाला, भू.अ.नि. 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर के खाता संख्या 22/21 के मुरब्बा नम्बर 7, 22 की कुल 1.581 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 72/72 के मुरब्बा नम्बर 11, 22, 50/10 की कुल 1.897 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 74/5 के मुरब्बा नम्बर 27,

सहायक कलेक्टर एवं प्र०
उपखण्ड अधिकारी

**सतवीर कौर आदि बनाम गुरजीत सिंह आदि**
**वाद पत्र अंतर्गत धारा 53,88,91 आरटीए,**
**प्रकरण संख्या 06/2025**

50/8 की कुल 1.264 हैक्टेयर भूमि में से वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1,5,6,8,9,11,12,19 के हिस्से का बंटवारा अर्थात विभाजन निम्नांकित रूप से किया जाता है:-

| क्र. स. | नाम खातेदारान मय वल्दियत सकूनत | राजस्व ग्राम | मु.न. | | रकबा | किस्म | लगान रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सतवीर कौर पुत्री जसकोर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (1.264 हैक्टेयर)<br>जसकोर सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (1.265 हैक्टेयर)<br>गुरजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.506हैक्टेयर) | 22 ओ बी | 7<br><br>11<br><br>50/10 | 5, 6, 15<br>16, 25<br>19 ता 24<br>25 | 0.759 हैक्टेयर<br>0.506 हैक्टेयर<br>1.518 हैक्टेयर<br>0.227 हैक्टेयर<br>0.025 हैक्टेयर | नहरी<br>नहरी<br>नहरी<br>नहरी<br>गै.मु.खा. | 5.70<br>3.80<br>11.40<br>1.70<br>0.00 |
| 2 | जसमेल कौर पत्नी गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।(0.112 है)<br>जोगेन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.113हैक्टेयर)<br>प्रवीन कौर पत्नी गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.224 हैक्टेयर)<br>बलजिन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.112 हैक्टेयर)<br>सुखविन्द्र कौर पुत्री जंगीर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.197 हैक्टेयर)<br>बलविन्द्र सिंह पुत्र जंगीर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.394 हैक्टेयर)<br>रमनप्रीत कौर पुत्री गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.112 हैक्टेयर) | 22 ओ बी | 27<br><br>50/8 | 4, 7<br>14, 17<br>24 | 0.506 हैक्टेयर<br>0.506 हैक्टेयर<br>0.227 हैक्टेयर<br>0.025 हैक्टेयर | नहरी<br>नहरी<br>नहरी<br>गै.मु.खा. | 3.80<br>3.80<br>1.70<br>0.00 |

**शेष खाते एंव रहन बदस्तूर रहेगें।** बंटवारा रिपोर्ट/ विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा निर्णय का एक भाग माना जावे। स्टाम्प ड्यूटी पेश होने पर डिक्री पर्चा बनाया जाकर पत्रावलीबद्ध किया जावे। पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम होकर बाद तकमील जाब्ता दाखिल दफतर/ लेख भण्डार जमा हो।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

निर्णय आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे द्वारा लिखवाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

# अंतिम डिक्री बमुकदमे इब्तदाई

{ऑर्डर 20, रूल 6-7, जाब्ता दीवानी}
(Civil Procedure Code, Appendix "D-1")

**अज अदालत सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी {राजस्व} मुकाम श्रीकरणपुर**

**ब इजलास श्री श्योराम** (आर.ए.एस.)

सतवीर कौर आदि बनाम गुरजीत सिंह आदि

धारा अन्तर्गत **53, 88, 91** आरटीए मुकदमा नम्बर **06/2025**

**निर्णय दिनांक :-08.09.2025**

यह मुकदमा आज वास्ते इनफिसाल कतई रूबरू उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्रीकरणपुर व हाजरी **वादीगण अधिवक्ता श्री मनीष जांगिड व प्रतिवादी अधिवक्ता श्री ईकबाल सिंह ढिल्लों** पेश होने पर आदेश दिया जाता है व डिक्री दी जाती है कि राजस्व ग्राम चक 22 ओ बी, पटवार मण्डल रडेवाला, भू.अ.नि. 9 एफ ए, तहसील श्रीकरणपुर के खाता संख्या 22/21 के मुरब्बा नम्बर 7, 22 की कुल 1.581 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 72/72 के मुरब्बा नम्बर 11, 22, 50/10 की कुल 1.897 हैक्टेयर भूमि व खाता संख्या 74/5 के मुरब्बा नम्बर 27, 50/8 की कुल 1.264 हैक्टेयर भूमि में से वादीगण व प्रतिवादी संख्या 1,5,6,8,9,11,12,19 के हिस्से का बंटवारा अर्थात विभाजन निम्नांकित रूप से किया जाता है:-

| नाम खातेदारान मय वल्दियत सकूनत | राजस्व ग्राम | मु.न. | | रकबा | किस्म | लगान रुपए में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| सतवीर कौर पुत्री जसकोर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (1.264 हैक्टेयर)<br>जसकोर सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (1.265 हैक्टेयर)<br>गुरजीत सिंह पुत्र मोहन सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.506हैक्टेयर) | 22 ओ बी | 7<br><br>11<br><br>50/10 | 5, 6, 15<br>16, 25<br>19 ता 24<br>25 | 0.759 हैक्टेयर<br>0.506 हैक्टेयर<br>1.518 हैक्टेयर<br>0.227 हैक्टेयर<br>0.025 हैक्टेयर | नहरी<br>नहरी<br>नहरी<br>नहरी<br>गै.मु.खा. | 5.70<br>3.80<br>11.40<br>1.70<br>0.00 |
| जसमेल कौर पत्नी गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर।(0.112 है)<br>जोगेन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.113हैक्टेयर)<br>प्रवीन कौर पत्नी गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.224 हैक्टेयर)<br>बलजिन्द्र सिंह पुत्र गुरनाम सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.112 हैक्टेयर)<br>सुखविन्द्र कौर पुत्री जंगीर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.197 हैक्टेयर)<br>बलविन्द्र सिंह पुत्र जंगीर सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.394 हैक्टेयर)<br>रमनप्रीत कौर पुत्री गुरजीत सिंह जाति जटसिख निवासी 24 ओ तहसील श्रीकरणपुर। (0.112 हैक्टेयर) | 22 ओ बी | 27<br><br>50/8 | 4, 7<br>14, 17<br>24 | 0.506 हैक्टेयर<br>0.506 हैक्टेयर<br>0.227 हैक्टेयर<br>0.025 हैक्टेयर | नहरी<br>नहरी<br>नहरी<br>गै.मु.खा. | 3.80<br>3.80<br>1.70<br>0.00 |

सहायक कलक्टर एवं पदेन
उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

शेष खाते एंव रहन बदस्तूर रहेगें। बंटवारा रिपोर्ट/ विभाजन प्रस्ताव मय नजरी नक्शा निर्णय का एक भाग माना जावे।

आज दिनांक 10.09.2025 को यह पर्चा डिक्री मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई।

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

| मुददई | रूपया | पैसा | मुदायली | रूपया | पैसा |
|---|---|---|---|---|---|
| स्टाम्प अरजीदावा | 02 | 00 | स्टाम्प वकालतनामा | 02 | 00 |
| स्टाम्प वकालतनामा | 02 | 00 | स्टाम्प अरजी | 02 | -- |
| स्टाम्प ड्यूटी | 300 | 00 | मेहनताना वकील पर | 00 | -- |
| **योग** | 304 | **00** | **योग** | **04** | **00** |

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)

क्रमांकः रीडर/ 2025/684

दिनांकः 10.09.2025

प्रतिलिपिः तहसीलदार श्रीकरणपुर को पालनार्थ भेजकर लेख है कि उक्त डिक्री की नियमानुसार पालना कर, पालना रिपोर्ट अद्योहस्ताक्षरकर्ता न्यायालय में भिजवाना सुनिश्चित करे।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) श्री करणपुर (श्री गंगानगर)

{श्योराम (आर.ए.एस)}
सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर जिला श्रीगंगानगर

सहायक कलक्टर एवं पदेन उपखण्ड अधिकारी
श्रीकरणपुर (श्रीगंगानगर)